>

Title: Regarding population control in India.

**श्री सुधीर गुप्ता (मन्दसौर):** माननीय अध्यक्ष महोदय जी, अभी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट जारी हुई है कि वर्ष 2027 तक भारत दुनिया में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश के रूप में शुमार हो जाएगा । हम जानते हैं कि सीमित संसाधनों के होते हुए भारत निरंतर प्रगति कर रहा है । अशिक्षा, गरीबी, अस्वास्थजनक कारणों और पूरी ताकत से देश निपट रहा है । मगर लगातार देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ रही है, उसमें पड़ोसी देशों, बांग्लादेश और म्यांमार से भी अवैध रूप से भारत में लोग आकर निवास कर रहे हैं । मैं चाहूंगा कि जनसंख्या नियंत्रण पर कोई नीतिगत फैसला देश शीघ्र ले ।